an>

Title: Regarding providing electricity to Bagpat and rationalization of electricity tariff.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बागपत पूरे का पूरा डार्क जोन घोÂ◌ि◌ात किया गया है। यहां ट्यूबवेल के लिए कोई नया कनेक्शन नहीं मिलता है, नहरों में पानी नहीं है और जो पहले के ट्यूबवेल हैं, उनमें केवल चार से छह घंटे बिजली आती है और बहुत ही अनियमितता से आती है। इस कारण किसानों की बहुत दुर्दशा हो रही है। इसके अलावा जो ट्यूबवेल लगाए हैं, उनके लिए बिजली की दर पांच हार्स पावर की जगह साढ़े सात हार्स पावर चार्ज की जाती है और अगर दस हार्स पावर है तो उसकी जगह साढ़े बारह हार्स पावर का चार्ज लिया जाता है। ढाई हार्स पावर का एक्स्ट्रा चार्ज यूपी सरकार केवल बागपत जिले में कर रही है। किसानों के साथ बहुत ज्यादा शोÂ◌ाण किया जा रहा है और यह किसानों के साथ बहुत बड़ी बेइंसाफी है। इसके साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे शहरों में गांवों की तरह बिजली दी जाती है, लेकिन उनसे सिटी रेट की तरह बिजली का चार्ज लिया जाता है। यह सारा शोÂ◌ाण बंद होना चाहिए और केंद्रीय बिजली मंत्री को इस तरफ विशेÂ◌ा ध्यान देने की जरूरत है।